खबर संक्षेप

दायित्व मिलने पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद में हर्ष

मण्डला। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष मयंक तिवारी की सहमति से जबलपुर संभागीय अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने जबलपुर संभाग की नई कार्यकारिणी घोषित की जिसमे संभाग के अंतर्गत आने वाले मंडला, डिंडोरी, कटनी नरसिंहपुर, बालाघाट सिवनी, छिंदवाड़ा जिले के जिलाध्यक्ष की सहमति से सभी प्रमुख पदों पर नियुक्तियां की गयी है। जिसमें मंडला जिले से नैनपुर के वरिष्ठ पत्रकार हरि सिंह ठाकुर को संभागीय उपाध्यक्ष एवं पत्रकार संतोष बंटी पांडे को संभागीय सचिव नियुक्त किया गया है। इसी के साथ समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी ने समाज कल्याण प्रकोष्ठ मंडला जिला अध्यक्ष के पद में कैलाश डेहरिया एवं जिला महासचिव के पद में दीपक कछवाहा को नियुक्त किया है। दोनो पदाधिकारी समाज कल्याण प्रकोष्ठ की तमाम गतिविधियो को जिले में गति देंगे। जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया की जा रही है। सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर के चुनाव सम्पन्न कराए गए इसके बाद प्रदेश और संभाग के चुनाव सम्पन्न हुए हैं अब जिला स्तर के चुनाव सम्पन्न होने के साथ ही नियुक्तियों को क्रम जारी है। वहीं 30 दिसंबर तक सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है।

उत्कृष्ट विद्यालय में श्री निवास रामानुजन की जयंती मनाई गई

भुआबिछिया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मा. विद्यालय भुआबिछिया में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की लोकव्यापीकरण योजना एवं विज्ञान भारती के बैनर तले महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं श्रीनिवास रामानुजन के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

अतिरिक्त कक्ष के लिए स्वीकृत हुई राशि, लेकिन अब तक नहीं हुआ निर्माण

पेड़ के नीचे संचालित हो रहा स्कूल



*** पालकों ने स्कूल से बच्चों का नाम कटवाने की इच्छा की जाहिर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर मण्डला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सिलपुरा के पोषक ग्राम बुजबुजिया में संचालित प्राथमिक शाला के भवन की हालत जर्जर हो चुकी है। स्कूल के लिए 2012-13 में शासन से अतिरिक्त कक्ष बनाने हेतु लगभग 3 लाख 1 हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे, परंतु आज तक कक्ष का निर्माण नहीं हो सका है।

जिले का दुर्भाग्य यह है कि दस साल बाद भी स्कूल का भवन खड़ा नहीं हो सका और ना ही इस निर्माण से संबंधित कोई कार्य किया गया। सवाल उठता है कि स्वीकृत राशि कहां गई? बताया जाता है कि राशि का लगभग 1,43,566 रुपये ग्राम पंचायत सिलपुरा के खाता नंबर 948510110004309 में बैंक ऑफ इंडिया मण्डला में जमा किया गया था, और इसे निर्माण एजेंसी के रूप में ग्राम पंचायत को सौंपा गया था।

इससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार जिला शिक्षा केंद्र द्वारा कोई भी निगरानी या कार्रवाई नहीं की गई। जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि निर्माण कार्य समय पर पूरा हो, लेकिन इस मामले में लापरवाही बरती गई। परिणामस्वरूप, इस स्कूल के बच्चे आज भी जर्जर भवन में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जिससे यह सवाल उठता है कि यदि बच्चों के साथ कोई अनहोनी होती है तो जिम्मेदारी किसकी होगी?

शाला प्रबंधन और बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि वर्तमान में स्कूल भवन इतनी खराब स्थिति में है कि बारिश के समय पानी टपकता है, और लेंटर की छपाई के टुकड़े आए दिन गिरते रहते हैं। इस कारण बच्चों के घायल होने का खतरा बना रहता है। स्कूल के प्रशासन और विभाग द्वारा इस गंभीर मामले की अनदेखी के कारण, गांव के लोग अब स्कूल बंद करने की मांग कर रहे हैं।

गांव के लोगों का कहना है कि स्कूल को अब पेड़ के नीचे संचालित किया जा रहा है, क्योंकि भवन की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि उसमें पढ़ाई करना सुरक्षित नहीं है। यह स्थिति लगभग एक साल से चल रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी अब तक इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अभिभावक और ग्रामवासी यह भी कह रहे हैं कि अगले सत्र में अपने बच्चों का दाखिला इस स्कूल में नहीं कराएंगे और उन्हें अन्य स्कूल में भेजेंगे।

मीडिया द्वारा इस मुद्दे को कई बार उजागर किया गया और जिला प्रशासन के ध्यान में लाया गया, बावजूद इसके अधिकारियों की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए। इस मुद्दे के प्रति प्रशासन की लापरवाही साफ तौर पर दिखाई देती है। शासन भले ही गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए दिशा-निर्देश और आबंटन देता रहे, लेकिन विभागीय अधिकारी शासन की मंशा को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं।

यह सवाल उठता है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो यह बच्चों का भविष्य और शिक्षा के प्रति सरकार की प्राथमिकता पर बड़ा सवाल खड़ा कर देगा। सरकार और संबंधित विभागों को तत्काल इस गंभीर समस्या का समाधान करना होगा, ताकि बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

इनका कहना :-

विभाग द्वारा ध्यान न दिये जाने के कारण यहां यह स्थिति निर्मित हो रही है, जबकि पंचायत द्वारा अनेकों आवेदन दिये गये किन्तु कार्यवाही नही की जा रही, हमारी मांग है कि जल्द भवन निर्माण हेतु विभाग टीएस जारी कर निर्माण करने की अनुमति दे ताकि पंचायत द्वारा जल्द अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जा सके।

-नरेश मार्को, सरपंच,
ग्राम पंचायत सिलपुरा, मण्डला

स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति को लेकर राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल प्रतिवेदन अतिआवश्यक कार्य मानकर भेजा गया जैसे स्वीकृति मिलती है निर्माण कर कराया जायेगा।

-अरविंद विश्वकर्मा,
डीपीसी, मण्डला

यह मामला पहले भी मेरे संज्ञान में आया था, उस समय मैंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये थे किन्तु वही मुद्दा फिर मेरे सामने आया, अर्थात विभाग के अधिकारियों ने निर्देश दिये जाने के बाद भी कार्य नही किये जो घोर लापरवाही की ओर इशारा करता है।

-इंजी.कमलेश तेकाम,
उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति
जिला पंचायत, मण्डला



शिव महापुराण सुनने से दुख होते हैं दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शिव महापुराण के कथा व्यास पंडित आचार्य शशिकांत त्रिवेदी प्रयागराज उत्तरप्रदेश ने शिव महापुराण के वाचन के दौरान कहा कि पूरे भारत वर्ष के साथ पूरी दुनिया में भगवान शिव के जितने भक्त हैं वो भगवान शिव से सुख और शांति की कामना करते हैं। भगवान शिव के भक्तों के लिये शिव पुराण का बड़ा महत्व है। इस पुराण में शिव भगवान की महिमा की गई है। इस पुराण में शिव जी को वात्सल्य, दया और करुणा की मूर्ति के रुप में महिमा मंडित किया गया है। इस पुराण का पाठ करने से भक्तों के अंदर भी ऐसे ही गुणों का संचार होता है। यानि भक्तों का चरित्र भी भगवान शिव की ही तरह बनने लगता है। जो भक्त शिव पुराण का विधि पूर्वक पाठ करते हैं वो जीवन-मरण के चक्र से भी मुक्ति पा जाते हैं। इसलिये हिंदू धर्म में शिव पुराण को बहुत अहम माना जाता है। नगर मुख्यालय के पीडब्लूडी कॉलोनी मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन आचार्य श्री द्विवेदी ने विश्व हिन्दू परिषद के विभाग संगठन मंत्री अरविन्द तिवारी, समाजसेवी शिशुपाल सिंह राजपूत, पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अगवाल, शिक्षक सुरेश नंदा का अंग वस्त्र पहनाकर तिलकवंदन किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अरविन्द तिवारी ने कहा कि समाज कल्याण और हिन्दू जनजागृति के लिए धार्मिक आयोजन का उतना ही महत्व है जितना कि भूखे के लिए भोजन उन्होंने कहा कि यह गौरव के बात है कि नगर में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सीनियर वॉलीबाल टीम (महिला/पुरुष)चयन ट्रायल 28 को

मण्डला। जयपुर राजस्थान मे 7 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय व्हालीबाल प्रतियोगिता मे सहभागिता करने म प्र टीम का चयन स्पर्धा 28 दिसंबर 2024 को टी टी नगर भोपाल मे किया जाना है चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने किराया भत्ता, किट खेल विभाग द्वारा प्रदाय की जावेगी। चयन स्पर्धा मे खिलाड़ियों को यात्रा किराया भत्ता भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होंगी चयन स्पर्धा मे आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा खिलाडी अपनी उपस्थिति प्रभारी अधिकारी श्री विकास खराड़कर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मो नं 9826376133 को देंगे।

ब्रह्माकुमारीज मण्डला द्वारा विश्व ध्यान दिवस पर किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मण्डला के द्वारा प्रथम विश्व मेडिटेशन डे पर कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में मंडला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, शिक्षिका एवं संचालिका बहन प्रीति दुबे, पतंजलि योगपीठ से भ्राता सुनील बाली, भ्राता रामगोपाल यादव, ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परमपिता परमात्मा की याद से किया गया। ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन एवं बीके ज्योति बहन ने मंचासीन अतिथियों का तिलक वंदन कर गुलदस्ते देकर स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी मंचासीन अतिथियों का शब्दों के द्वारा स्वागत किया और बताया कि इस कार्यक्रम का विषय आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव है। इस कार्यक्रम में बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा प्रतिदिन लाखों लोग राजयोग ध्यान करते हैं। ध्यान करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ अच्छा रहता है। बहन प्रीति दुबे ने विश्व ध्यान दिवस पर कहा कि सभी को ध्यान करना बहुत जरूरी है। और कहा की ब्रह्माकुमारीज सेंटर में सिखाए जाने वाले ध्यान योग को अवश्य सीखना चाहिए। भ्राता सुनील बाली जी ने सभी को ध्यान योग करने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया ध्यान योग करने के लिए हमें अपने खान पान और दिनचर्या को भी सुधारना अति आवश्यक है। भ्राता रामगोपाल यादव जी ने सभी को विश्व ध्यान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा 140 देशों में राजयोग का अभ्यास प्रतिदिन कराया जाता है और आगे भी ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा राजयोग ध्यान को बढ़ावा मिलेगा। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने बताया कि राजयोग ध्यान के माध्यम से आंतरिक सुख शांति प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही राजयोग ध्यान के 4 स्तंभ हैं ब्रह्मचर्य, शुद्ध अन्न, दैवी गुण और सत्संग। इन सभी से हमारा जीवन कमल पुष्प समान होता है। इसके साथ दीदी ने सभी को ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा सिखाए जाने वाला राजयोग़ अभ्यास कराया। सभी राजयोग करके बहुत आनंदित हुए। सभी ने राजयोग ध्यान करने की प्रतिज्ञा भी की।इसके बाद सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात दी गई। इसके साथ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंडला के द्वारा प्रथम विश्व मेडिटेशन डे पर माँ रेवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मंडला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, बहन कविता जी एसिस्टेंट प्रोफेसर, बहन दीक्षा जी एसिस्टेंट प्रोफेसर, रेवती कॉलेज के स्टॉफ सहित 200 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहे।

गजेन्द्र नेशनल वाटर चैंपियन बनें

CONGRATULATIONS
WASH Champion

मण्डला। नगर के गजेन्द्र गुप्ता वाटर एड इंडिया के नेशनल वाटर चैम्पियन बने हैं। जल, स्वच्छता और आरोग्य को बढ़ावा देने के प्रतिबद्धता के कारण वाटर एड इंडिया ने गजेन्द्र को नेशनल वाटर चैम्पियन के रूप में ऑनबोर्ड किया है। वाटर एड इंडिया ने गत दिवस प्रथम बैच के नेशनल वाटर चैम्पियन के उन्मुखीकरण के लिए वर्चुअल प्लेटफार्म में नेशनल वाश चैम्पियन मीटअप का आयोजन किया। गजेन्द्र ने इसमें सहभागिता की। देश के विभिन्न राज्यों में जल, स्वच्छता और आरोग्य पर कार्य कर रहे इक्कीस लोगों को नेशनल वाटर चैम्पियन के रूप में ऑनबोर्ड किया गया है। प्रथम बैच के इक्कीस नेशनल वाटर चैम्पियन एक कंसोर्टियम का नेतृत्व करेंगे जो भारत के ग्यारह राज्यों में जल, स्वच्छता और आरोग्य पर कार्य कर रहे पचास हजार लोगों को कंसोर्टियम में जोड़ेंगे। लोगों को रेफरल काम्पीटिशन के माध्यम से जोड़ा जाएगा। गजेन्द्र तीन दशक से नर्मदा एवं उसके सहायक और सहसहायक नदियों के संरक्षण के लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर निरंतर कार्य कर रहे हैं।

आयोजन | **संत समागम में आए दूरदराज के संतों का हुआ सम्मान।**

माँ शारदा देवी मईया की जयंती का हुआ आयोजन

*** रामकृष्ण सेवा आश्रम में हुआ आयोजन।**

माँ सारदा
जन्म जयंती
कृष्ण सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

22 दिसंबर को मण्डला में देवदरा स्थित स्वामी शारदात्मानंद द्वारा संचालित रामकृष्ण सेवा आश्रम में समाज सुधारक संत रामकृष्ण परमहंस की आध्यात्मिक सहधर्मिणी एवं स्वामी विवेकानंद जी की गुरु माँ माता शारदा देवी जयंती समारोह सह संत समागम बड़े ही उल्लास एवं उमंग के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में आश्रम के महंत स्वामी शारदाआत्मानंद जी ने माँ शारदा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने मां शारदा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। बाहर से आए हुए अतिथि संतों ने भी अपने उद्बोधन में माँ शारदा देवी के जीवन की महिमा एवं उनके सेवा कार्यों का उल्लेख किया ।प्रातः काल में पूजा पाठ एवं हवन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर श्रृद्धालुओं एवं संतों के बीच काशी गुरुकुल गयाजीपुर के छात्र-छात्राओं एवं सेवकों के द्वारा लाठी विद्या एवं तलवारबाजी का प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया गया। स्वामी शारदा आत्मानंद जी के द्वारा जयंती अवसर पर आए हुए समस्त संतों और साध्वियों का यथोचित सत्कार कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर आश्रम में शहर के एवं आसपास के तमाम श्रद्धालु भक्तों का आगमन हुआ । जयंती समारोह के कार्यक्रम का समापन पूजा पाठ हवन एवं महाप्रसाद भंडारे के साथ संपन्न हुआ।

4 एवं 5 जनवरी को संस्कृतभारती महाकोशल प्रान्त का प्रान्त सम्मेलन

संस्कृतभारती महाकोशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रविवार को मण्डला में संस्कृतभारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें 4 और 5 जनवरी को होने वाले प्रांत सम्मेलन के विषय में जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि संस्कृतभारती एक विश्वव्यापी संगठन है जो 1981 से संस्कृतभाषा के पुनरुज्जीवन एवं पुनरुत्थान के कार्य में सतत निरत है। संस्कृतभारती संस्कृतभाषा में निहित ज्ञान भंडार के संरक्षण, संवर्धन, विकास और प्रचार का कार्य कर रही है। संस्कृतभारती निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं का संगठन है, जो बिना किसी लाभापेक्षा के संस्कृत के ज्ञान प्रसार में संलग्न है। संस्कृतभारती ने अपनी विशिष्ट पाठन शैली के द्वारा आज तक विश्व में 10 करोड़ से अधिक लोगों को संस्कृत संभाषण में निपुण किया है।1 लाख प्रशिक्षित शिक्षकों का समूह निरंतर संस्कृत संभाषण के कार्य को गति प्रदान कर रहा है। संपूर्ण विश्व में 6000 संस्कृतगृहम है। जहां परिवार के सारे सदस्य संस्कृत में ही वार्तालाप करते हैं। वर्तमान में जगत के 26 देश में 4500 संस्कृत शिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं जहां पर सरल पद्धति से संस्कृत बोलना सिखाया जाता है। संस्कृतभारती जनपद, प्रान्त एवं विश्वसंस्कृत सम्मेलन का क्रमशः आयोजन करती है। इसी तारतम्य में संस्कृतभारती महाकोशलप्रान्त के द्वारा संस्कारधानी जबलपुर के ग्वारीघाट स्थित साकेतधाम में दिनांक 4, 5 जनवरी 2025 को प्रान्त संस्कृत सम्मेलनम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आपके और आपके परिवार के लिए आध्यात्मिक, सामाजिक, वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक दृष्टि से ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। इस आयोजन में प्रान्त के लगभग 2000 समर्पित कार्यकर्ताओं का समागम होगा। इस आयोजन में आपको सभी संस्कृत में बातचीत करते नजर आएंगे अर्थात प्रातः जागरण से रात्रि शयन पर्यंत अखंड संस्कृतमय वातावरण आपको आनंदित करेगा। यहां आपको मिलेगा संस्कृत फ्यूजन गीत-संगीत, लोकनृत्य एवं नाटकों के आनंद के सहित संस्कृतविज्ञानप्रदर्शनी (साइंस इन संस्कृत) वस्तुविज्ञानप्रदर्शनी एवं प्रत्यक्षव्यवहारप्रदर्शनी। इस दौरान पत्रकारवार्ता में संस्कृतभारती के विभाग संयोजक प्रमोद शुक्ल, जिला मंत्री पूजा ज्योतिषी, संपर्क प्रमुख राजकुमार सोनी, सह संपर्क प्रमुख हेमंत सारथी, बाल केंद्र प्रमुख अनंता कोरी, नगर संयोजक आकाश कछवाहा, सदस्य विनोद कोरी सहित पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

एक दर्जन यात्रियों को नपा अध्यक्ष मिश्रा ने माला पहनाते हुये रवाना किया जगन्नाथ पुरी के लिए

गाडरवारा। प्रदेश सरकार द्वारा जिस तरह बुजुर्गो के लिये मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा की शुरूआत की गई है उसके चलते निश्चित तौर से अनेक उन माता पिता के चेहरों पर मुस्कान देखने मिल रही है जो कभी भी तीर्थ स्थलों के दर्शन करने की सपने में भी नही सोच सकते थें। इस तरह मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज 23 दिसंबर को जगन्नाथ पुरी के लिए जिला मुख्यालय से स्पेशल ट्रेन करीब 300 यात्रियों को तीर्थ दर्शन के लिए लेकर रवाना होगी। इसमें गाडरवारा शहर से भी सैकड़ों फार्म भर गए थे। जिनका जिला स्तर पर पर्ची ड्रा के माध्यम से चयन किये जाने के बाद 12 तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया। जिसमें मुन्नीबाई बेरागी, राजरानी गुप्ता, सुषमा कटरहा, शकुनबाई कोरी, राजकुमार सोनी, सुधा राय, मनोरमा चौधरी, राकेश कुशवाह, रिशी कुमार, प्रेमनारायण चौरसिया, मुन्नी वाई साहू, विनीता गुप्ता शामिल है जो आज यात्रा हेतु रवाना होगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, सभापति सुरेंद्र गुर्जर, गजेंद्र राडवे, पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर धानक द्वारा नगर पालिका परिषद में इन तीर्थ यात्रियों को फूल माला पहनाकर सफल यात्रा शुभकामनाएं देने के साथ ही आई कार्ड टिकट प्रदान किये गये।

शहर के बीटीआईं स्कूल मे टीएलएम मेला का हुआ आयोजन

गाडरवारा। स्थानीय पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीटीआईं सकूल में बीते हुये दिवस टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस मेले मे विद्यार्थियों ने समस्त विषय की टीचिंग लर्निंग मैटेरियल्स बनाए गये थें। इसके उपरांत वर्किंग मॉडल पोस्ट प्रोजेक्ट्स के माध्यम से समस्त विषय की प्रस्तुति बच्चों के माध्यम से रखी गई। यह कार्यक्रम कन्या नवीन प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक , आदर्श स्कूल प्राचार्य एस के मिश्रा, कन्या शाला प्राचार्य सुशील शर्मा एवं संस्था प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। वही अपने उदबोधन मे अतिथियों ने बच्चों द्वारा प्रत्येक विषय के टी एल एम बनाए जाने पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मेले मे भूगोल विषय का वर्किंग मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। मेले का आयोजन एवं संचालन शिक्षक श्रीमती अर्पणा ब्राउन ने किया एवं आयोजन मे समस्त विषय के शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया। आदर्श स्कूल के शिक्षकों ने भी इस मेले का लाभ लिया। इस आयोजन उपरांत अतिथियों ने नवाचारी शिक्षक के के राजोरिया द्वारा विषय शिक्षकों के सहयोग से तैयार एवं सुसज्जित की गईं विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया।

शाहपुर के हाईस्कूल मे साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

कल्याणपुर। जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम शाहपुर के शासकीय हाईस्कूल में बीते हुये दिवस साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे भाजपा मंडल अध्यक्ष सीमांत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, निरंजन पटेल, अरविन्द बड़कुर, चौधरी अभिषेक ,आलोक पचौरी एवं चौ.छोटेराजा द्वारा शाला के 9 कक्षा के छात्र छात्राओं क़ो साईंकिलें वितरित की । इस अवसर पर कार्यक्रम मे अतिथियों का तिलक एवं फूल मालाओ से स्कूल स्टॉफ द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा हाई स्कूल की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रेखा चौहान द्वारा स्कूल में कराये गये साफ सफाई, रंग रोगन ,पेंटिग आदि कार्यो की प्रशंसा की गईं। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य श्रीमति चौहान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में नगर परिषद के स्वच्छता सर्वेक्षण की पोल खोलते हुये सच्चाई, नालियों में अटी पड़ी गंदगी तो सड़कों पर फैल रही कीचड़ ने स्वच्छता अभियान पर खड़े किये सवाल, क्या सिर्फ दीवार लेखन के भरोसे ही स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने का किया जा रहा है प्रयास...?

नगर परिषद सांईखेड़ा

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जहां एक ओर सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च किया जा रहा है। मगर उस शासकीय धन राशि की शासन प्रशासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा किस तरह होली खेलते स्वच्छता सर्वेक्षण को जिस तरह कागजों पर सफल बनाते हुये वाही वाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है इस बात की सच्चाई शहरों से लेकर गांवों में फैल रही गंदगी खुद ही बया करते हुये देखी ज रही है। मगर इस सबके बाद भी जिस तरह देखा जा रहा है कि नगर पंचायतों से लेकर नगर पालिकाओं को ऊपर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये अंक प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है उसके चलते निश्चित तौर से जहां सरकार की स्वच्छता मुहिम को ग्रहण लग रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदारों की भूमिका पर भी सबाल खड़े करते हुये देखा जा रहा है..? यह बात अलग है कि अधिकारियों द्वारा आम जनता की नजरों में वाही वाही लूटने की सोच रखते हुये दीवारों पर लेखन करते हुये दीवारों को एक नई नबेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या सिर्फ स्वच्छता सर्वेक्षण को दीवार लेखन के भरोसे ही सफल बनाया जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये दिनों प्रदेश स्तर पर हुई स्वच्छता सर्वेक्षण क आकलन में भरे ही नगर परिषद द्वारा संतोष जनक अंक पाने के कारण अधिकरियों द्वारा अपनी सफलता पर खुशी मनाते हुये मिठाईया खाने में कोई कसर नही छोडीं गई थी। मगर यदि नगर के मुहल्लो से लेकर मुख्य गलियों की नालियों की सच्चाई देखी जावे तो निश्चित तौर से वह स्वच्छता सर्वेक्षण की पोल खोलने के साथ इस बात को उजागर करते हुये देखी जा रही है कि अधिकारियों द्वारा कागजों के आधार पर जिस तरह शासकीय धन की होली खेली जा रही है उसके भरोसे देश के प्रधान मंत्री से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सपने को कभी भी सफलता मिल पाना संभव नही हो सकता है..? क्योंकि दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा की सच्चाई पर गौर किया जावे तो लाखों रूपया की लागत से कचरा एकत्र करने के लिये खरीदी वाहन जहां कार्यालय परिसर की शोभा बढ़ाने का काम कर रहे है। वही दूसरी ओर स्वच्छता के नाम पर नगरवासियों से टैक्स के रूप में राशि बसूली जाने के बाद भी उनके घरों तक कचरा एकत्र करने वाले वाहन नही पहुंचने के कारण लोगों को खुले मैदान में अपना कचरा डालने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। वही रही सही कसर नगर में कुछ साल पहले नर्मदा जल सप्लाई करने के लिये जिस तरह सड़कों की खुदाई करते हुये उन्हें सुधार के नाम पर निभाई गई औपचारिकता के चलते चारो ओर कीचड़ का सम्राज्य स्थापित होने से नही चूक रहा है। इस तरह नगर में जल सप्लाई के लिये डाली गई लाईनों का हाल यह बना हुआ है कि लीकेंज होने के कारण सड़को पर पानी बगरते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर इस स्थिति के चलते लोगों को शुद्व पीने का पानी मिलने की कल्पना करना भी बेमानी साबित होने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर कहने के लिये नगर परिषद के पास साफ सफाई के लिये कर्मचारियों की भारी भरकम टीम मौजूद होने के बाद भी नियमित सभाई के आभाव में जिस प्रकार से नालिया गंदगी से अटी पड़ी हुई है वह पूर्ण रूप से नगर परिषद की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर नगर की सड़को का हाल इस तरह का बना हुआ है कि चारों ओर कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने के कारण लोगों का अपने घरों तक पहुंच पाना मुश्किल हो रहे है? क्योंकि कुछ वर्ष पहले जिस तरह यहां पर लोगों के घरों तक पानी पहुंचने के लिये बिछाई जाने वाली पाईप लाईन का कार्य करने वाली एक कंपनी द्वारा नगर के मुहल्लों से लेकर वार्डो की पक्की सड़को की खुदाई करते हुये उन्हें उसी स्थिति में छोड़ दिया गया है उससे जहां नगर परिषद को लाखों की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होने के साथ साथ सांईखड़ा नगर को वर्षो पुराने किसी गांव के स्वरूप में लाकर खड़ा कर दिया गया है। वही दूसरी ओर कहने के लिये तो नगर परिषद के पास सफाई विभाग के नाम पर काफी अमला होने के बाद भी नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई नही होने के कारण उनमें गंदगी की अम्बार लगा हुआ है जिसके चलते स्थिति इस तरह बनी हुई है कि लोगों का सांस लेना भी दुभर हो रहा है? इस सच्चाई को देखते हुये यह सबाल पैदा हो रहा है कि क्या इस गंदगी के बीच कोरोना महामारी सहित अन्य प्रकार की बीमारियों से मुकाबला करने में सफलता मिल पायेगी? इस तरह नगर परिषद द्वारा मात्र दीवार लेखन के साथ साथ कागजी घोड़ा दौड़ाते हुये तो स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने में कोई कसर नही छोड़ रही है मगर नगर के अंदर की सच्चाई पुर्णरूप से सच्चाई की हकीकत को उजागर करते हुये पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? इस नगर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिये जिस तरह सामग्री खरीदी गई उसकी यदि निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी..। क्योंकि सफाई विभाग के नाम पर खरीदे गये वाहन बगैर उपयोग हुये ही खस्ता हाल में पहुंचते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर कीट नाशक पावडर से लेकर दबाईयों की गई खरीदी व भुगतान किये गये बिलों की जांच होती है तो लोग हैरत में पड़ने से नही चूक पायेगे..। क्योंकि स्वच्छता सामग्री खरीदे जाने को लेकर परिषद द्वारा बगैर टिन नम्बर वाले बिलों से लेकर संस्था के जगह निजी व्यक्तिगत खातों में भुगतान किये जाने की चर्चाये सुनाई देने से नही चूक पा रही है..?

ऑनलाइन दवाई बिक्री पर दवा विक्रेताओं में फैल रहा रोष

इसको बंद करवाने बन रही आंदोलन की रणनीति

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने और बिना प्रिसक्रिप्शन के दवा बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। वही बताया जाता है कि यदि यह रोका नही गया तो पूरे देश के दवा विक्रेताओं द्वारा आंदोलन जैसे कदम उठाने की तैयारियाँ की जाने की खबर है। राष्ट्रीय संगठन के हवाले से जिला नरसिंहपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव श्रीराम अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान घर-घर दवा पहुंचने के लिए विशेष अनुमति देकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर दवा बिक्री की अनुमति प्रदान की गई थी। लेकिन अब महामारी के समाप्त होने के बाद भी ऑनलाइन कंपनियां इसका दुरुपयोग कर रही हैं। यह कंपनियां बिना डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन के दवाओ की बिक्री कर रही है इसमें नशीली दवाओं की बिक्री भी हो रही है जिसकी चपेट में युवा पीढ़ी के आने से उनकी जिन्दगी बर्बाद होने से नही बच पा रही है। इस तरह ऑन लाईन दबाईयों का कारोबार शहर से लेकर गांव गांव तक फैल चुका है। इससे रोगाणुरोधी प्रतिरोध जैसी गंभीर समस्याए बढ़ रही हैं, ये कंपनियां मरीजों की सुरक्षा को नजरअंदाज कर सिर्फ मुनाफा कमा रही है। एसोसिएशन ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को पत्र भेजकर ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। यदि समय रहते हुये इन पर रोक नही लगा तो आफ लाईन दवा विक्रय करने वालों द्वारा इसके लिये आंदोलन जैसे कदम उठाने के लिये मजबूर होना पडेगा। क्योंकि इस तरह ऑन लाईन दवा विक्रय का जिस तरह दुरूपयोग हो रहा है उसके चलते ऑफ लाईन दवा विक्रेताओं में लगातार रोष पैदा होते हुये देखा जा रहा है जो किसी दिन चिन्गारी के रूप में सामने आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

म.प्र.शासन का लेख कराते हुए बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराय से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरा सर परिवहन नियमों की अवहेलना है? मगर अक्सर देखा जाता है कि शासकीय कार्यालयों में लगे हुए अनेक वाहनों में म.प्र. शासन का लेख कराते हुए उन्हें किराय के रूप में खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उठाई जा रही है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व को भी हानी पहुंच रही है, देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप, मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है ।

भाजपा जिला अध्यक्ष के लिये श्रीमति चौधरी प्रमुख दावेदार के रूप में देखी जा

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। देश दुनिया की राजनीति में सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी भाजपा द्वारा अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये संगठन चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त देखी जा रही है। इसी के चलते बीते हुये कुछ दिनों पहले भाजपा मंडल चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने के चलते जिले के अंतर्गत आने वाली चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा मंडल अध्यक्ष को नियुक्ति की गई है। इस तरह जिले के चार विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 21 मंडल अध्यक्षों की नियुक्त में मात्र एक महिला को शामिल किया गया है। इस तरह मंडल अध्यक्ष नियुक्ति में महिलाओं की अनदेखी जा चर्चा का विषय बनी हुई है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा यह बात कहते हुये सुना जा रहा है कि जहां खुद ही भाजपा द्वारा महिला सशक्तिकरण को महत्व दिया जा रहा है। मगर अपने संगठन में महिलाओं की अनदेखी करना क्या महिलाओं के सशक्ति करण को सफल बनाया जा सकता है..? इस तरह महिलाओं को नजर अंदाज किये जाने पर खड़े किये जा रहे सबालों के बीच अब जिला अध्यक्ष में महिलाओं को महत्व दिये जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। यदि भाजपा जिला संगठन में महिलाओं को सम्मान देते हुये अपने संगठन में स्थान देती है तो निश्चित तौर से इस बार महिला अध्यक्ष बनाये जाने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है। क्योंकि भाजपा महिला शक्ति के रूप में गाडरवारा क्षेत्र से भाजपा नेत्री श्रीमति शिरोमणी चौधरी को भाजपा जिला अध्यक्ष के लिये प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। इस तरह महिला शक्ति से लेकर जिला नेतृत्व के लिये सबसे ऊपर नजर आने से नही चूक रही है। वही इनके समर्थकों से लेकर आमजन द्वारा शिरोमणी चौधरी को भाजपा जिला अध्यक्ष बनाये जाने की मांग की जाने लगी है। क्योंकि श्रीमति चौधरी अपनी पार्टी के लिये समार्पित मानी जाती है वही दूसरी ओर समाज सेवा के रूप में किये जाने वाले कार्यो से शायद ही कोई अनजान हो..? वही दूसरी ओर श्रीमति शिरोमणी चौधरी पहले भाजपा महिला मोर्चा में पार्टी द्वारा दिये गये दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाहन करते हुये देखी जा चुकी है। इसी के चलते इनकी दावेदारी को मजबूती प्रदान करने को बल मिल रहा है।



अटल ज्योति बिजली से चल रहे प्रभावशालियों के नलकूप बिजली विभाग के मौन रहने पर उठ रहे अनेक सवाल?

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

जहां एक ओर अक्सर देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों के बिजली बिल जरा भी बाकी है तो बिल बसूली के नाम पर सिर्फ उनकी लाईन ही नही काटी जाती है, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के बिजली लाईनों को काटते हुए उनके घरों में रखी हुई सामग्री की कुर्की करते हुए समाज में अपमानित करते हुये देखा जाता रहा है, जबकि गौर किया जावे तो शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक प्रभावशाली लोग इस प्रकार के भी है जिन पर बिजली बिलों के हजारों रूपया बाकी होने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उन पर रहम करते हुए बिजली तक उपलब्ध कराई जा रही है? क्योंकि क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है कि कुछ प्रभावशाली लोगों को बिजली विभाग द्वारा ही संरक्षण देते हुए जिस प्रकार से दूसरी योजना के तहत सप्लाई किये जाने बिजली का उपयोग कराया जा रहा है इस बात की सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में आसानी से देखने मिल रही है? इस संबंध में बताया जाता है कि बिजली विभाग द्वारा सरकार की अटल ज्योति योजना के तहत लोगों को गांवों में 24 घंटे बिजली प्रदान करने हेतु अलग लाईन खीची गई है तथा किसानों को अपनी खेती बाड़ी के उपयोग हेतु अलग अलग लाईन प्रदान की गई जिसके चलते जहां खेती बाड़ी के उपयोग हेतु बिजली विभाग द्वारा बिजली प्रदाय करने के लिए निर्धारित समय किया गया है उसी समय पर बिजली प्रदान की जाती है तथा गांवों में बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को अधिक समय तक बिजली प्रदान की जाती है, मगर क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते खुलेआम अटल ज्योति योजना के तहत प्रदान की जाने वाली बिजली का धडल्ले से उपयोग करते हुये सभी निमयों की धज्जियाँ उडाने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि किसानों के खेतों पर लगी हुई बिजली डीपी शायद बिलों के आभाव में जल लाने के बाद बदली नही जाती है, जिसके चलते कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम गांव में अटल ज्योति योजना की बिद्युत लाईन से अवैधानिक रूप से कनेक्शन लेते हुए उसका उपयोग करने से नही चूकते है, मगर हद तो तब हो जाती है जब इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना इस बात का उदाहरण स्पष्ट हो रहा है कि शायद बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से बिजली चोरी करने वालों को शह प्रदान की जा रही है? क्योंकि क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब इस प्रकार से अवैधानिक रूप से अटल ज्योति बिजली का उपयोग करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाता है तो वह सूचना देने वाले व्यक्ति के ऊपर ही अपना रौब झाडने से भी नही चूकते है, क्योंकि इस बात से तो यही स्पष्ट होता हुआ जान पड़ रहा है कि इस प्रकार से नियम विरूद्ध किये जा रहे अटल ज्योति बिजली के दुरूपयोग के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही न होना बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से प्रभावशाली लोगों को बिजली का उपयोग किये जाने में अपना संरक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिस प्रकार से धडल्ले जिस तरह 11 के व्ही लाईन से कन्टी बनाते हुए जोड़ी गई।

झिकोली पुल के बीच में खड़े होने वाली वाहनों की सच्चाई को लेकर

लगता है शायद प्रशासन ही कर रहा है किसी बड़ी घटना का इंतजार

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।

जिस प्रकार से शासन द्वारा गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए झिकोली नर्मदा घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है उसके चलते इस मार्ग पर लगातार वाहनों की संख्या में जहां इजाफा होते हुए देखा जा रहा है, वही इस नर्मदा पुल के निर्माण होने के कारण लोगों को भोपाल पहुंचने में काफी सुविधाजनक मार्ग साबित होते हुए देखा जा रहा है? इस समय इस पुल के ऊपर वाहन चालकों की हो रही मनमानी के चलते इस मार्ग से निकलने वाले लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है? बताया जाता है कि आये दिन देखा जाता है कि अनेक बड़े वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को पुल के ऊपर ही खड़ा करते हुए जहां मटर गस्ती करते हुए देखा जाता है तो वही दूसरी ओर अनेक वाहन चालक तो इस समय चल ठंड के मौसम में आस पास की दुकानों से नास्ता लेकर पुल के ऊपर खड़े होकर मटर गस्ती के साथ पुल के ऊपर खड़ा होकर उसे ग्रहण करना अपनी शान समझने लगे है? इस स्थिति के चलते जब कोई दूसरा वाहन इस मार्ग से निकलता है तो उसे पुल पार करने में काफी परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है। इस प्रकार से भारी भरकम ट्रकों सहित बसों व अन्य चार पाहिया वाहनों के चलाको द्वारा घंटो तक अपने वाहन खड़े किये जाने की सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी प्रशासन को अनेकोवार इस सच्चाई से अवगत कराया जा चुका है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से अब यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है कि बड़ी घटना का इंतजार? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष इसी प्रकार से जब दो मासूम इस पुल के ऊपर से पैदल गुजर रहे थें, उसी दौरान एक वाहन के अचानक आ जाने के बाद उसकी आवाज से घबराकर दो मासूम बच्चियाँ पुल के नीचे यानि की नर्मदा नदी में गिर जाने से उनकी मौत हो चुकी है इसके आलवा पुल के ऊपर वाहनों के खड़े रहने की स्थिति में अन्य घटनाएं भी घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज कर रहा है उसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही बताया जाता है कि ग्राम झिकोली सांईखेड़ा पुलिस थाने की सीमा में आता है, मगर पुल पर प्रवेश करते ही सांईखेड़ा थाने की सीमा समाप्त होने के कारण जहां सांईखेड़ा पुलिस इन मनचले वाहन चालकों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने में असमर्थ जान पड़ रही है? वही दूसरी ओर यह संपूर्ण पुल समीपस्थ उदयपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता हुआ बताया जा रहा है? जिसके चलते सही मायने में देखा जावे तो पुल के ऊपर खड़े होने वाली वाहनों को लेकर प्रशासन की उदासीनता किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण साबित हो सकती है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुल के ऊपर वाहन खड़े होते है तो उन्हे अपने वाहन निकालने में काफी परेशान होने के साथ साथ पुल के नीचे गिरने का भय तो बना ही रहता है, जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े वाहनों को निकलने का इंतजार करते हुए अपना मूल्यवान काफी समय बर्बाद करना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दो पाहिया वाहनों की देखी जाती है जब कोई व्यक्ति दो पाहियां वाहन पर किसी महिला को लेकर निकता है तो पुल के ऊपर खड़े हुये इन वाहनों के चलते जहां उसे अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर देखा जाता है, वही दूसरी ओर पुल के ऊपर खड़े रहने वाले मनचले वाहन चालकों की छिटाकशी का शिकार भी होते हुए देखा जाता है?

सट्टे की तर्ज पर बढ़ रहा ट्यूशनखोरी का कारोबार

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर सरकार द्वारा बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छे स्कूलों की व्यवस्था के साथ साथ अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। वही स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा बच्चों का भविष्य सुधारने के लिए अच्छी सेलरी प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित क्षेत्र के अनेक शासकीय व निजी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों द्वारा बच्चों को स्कूल में अच्छी पढ़ाई कराने की जगह उन्हें ट्यूशन लगाने के लिए जिस प्रकार से मजबूर किया जाता है उसके चलते अब स्थिति इस प्रकार से दिखाई देने लगी है कि नगर की हर कुलिया व कालोनियों में ट्यूशनखोरी की धंधा सट्टे के कारोबार की तर्ज पर पूर्ण चरम पर दिखाई देने लगा है? क्योंकि इस समय दिसम्बर माह बीतने को है जिसके चलते शहर की शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थाओं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अपने स्कूलों के बच्चों के कोर्स की पढ़ाई तेज से कराने में जुट गये है। वही अभिभावकों की माने तो अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में तो अध्यापान व्यवस्था ठीक होने से कोर्स की पढ़ाई पूरी होने की गति से बढ़ रही है। लेकिन छुट्टियों की अधिकता और कथित तौर पर शिक्षकों की उदासीनता की बजह से जो कोर्स की पढ़ाई पूरी होने में जहां रूकावट आई थी उसे दूर करने में शासकीय स्कूलों के अधिकतर शिक्षकों को ठंड के मौसम में भी पसीना आते हुए दिखाई दे रहा है? क्योंकि शिक्षा विभाग उन पर शीघ्र ही कोर्स की पढ़ाई पूरी कराने का लगातार दबाव डाल रहा है। वही बताया जाता है कि एक ओर शासकीय स्कूलों के ईमानदार व कर्मठ शिक्षक बच्चों के हित में अपने कोर्स की पढ़ाई पूरी कराने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रहे है तो वही गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषय के शिक्षक शिक्षिकाएं ट्यूशनखोरी करने में मस्त दिखाई दे रहे है? इस सच्चाई को लेकर अने बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि नगर में सट्टे के धंधे की तर्ज पर जिस प्रकार से ट्यूशन खोरी का कारोबार चरम पर आता चला जा रहा है जो रात दिन ट्यूशनखोरी शिक्षक अपने घरों में बच्चों को पढ़ाने के लिए बुलाते हुए देखे जा रहे है, जिसके चलते जिसके चलते नगर की सड़कों से लेकर कालियों में सुबह 4 बजे से लेकर देर रात तक ट्यूशन पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की भीड़ दिखाई दे रही है, जिसकी नियम के अनुसार बताया जाता है कि किसी भी शासकीय शिक्षण संस्था में पदस्थ शिक्षकों द्वारा किसी भी ट्यूशन खोरी करने पर रोक लगी ।

अनिल पनेरिया पनिका समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत

नियुक्ति पर युवाओं, इष्ट मित्रो ने प्रेषित की शुभकामनाएं

डिंडौरी न्यूज़। पनिका समाज डिंडोरी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष युवा समाजसेवी अनिल पनेरिया को सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया है, वर्तमान ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष , सक्सेस प्वाइंट इंस्टिट्यूट के संचालक है ,नर्मदा तट डिंडोरी कबीर आश्रम में बैठक आयोजित हुआ , जिला स्तरीय बैठक में सभी ब्लॉकों के समाज से श्री सुरेश दास बघेल, श्री गोपाल दास बघेल, श्री लोमस दास , अल्लाह दास, श्री गणेश दास सोनवानी, ईश्वर दास सोनवानी, कलादास, श्री गंभीर दास, जयपाल पारस, श्री कालिदास को कार्यवाहक सियान संघ का जिला अध्यक्ष बनाया गया, जल्द से जल्द जिला स्तरीय एवं सभी ब्लॉकों में बैठक आयोजित होंगे समाज के वरिष्ठों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

कुत्तों से हमले से घायल लंगूर का हुआ उपचार

अनूपपुर 22 दिसंबर शशिधर अग्रवाल बिजली करंट एवं आवारा कुत्तों के हमले से गम्भीर रूप से घायल मादा लंगूर के एक ग्रामीण के आंगन में आकर ठहरे होने की सूचना पर वनविभाग, वन्यजीव संरक्षक एवं पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा उपचार कर उसे सोनमौहरी के जंगल में स्थित नर्सरी में निगरानी के तौर पर सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में बताया गया कि अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग के मध्य छुलहा गांव जाने वाले रेल्वेअंडर ब्रिज के पास रहने वाले पुरुषोत्तम पटेल के आंगन में विगत तीन-चार दिनों से एक मादा लंगूर जिसके शरीर के अनेकों हिस्सों में करंट लगने एवं आवारा कुत्तों द्वारा हमले किए जाने के कारण गंभीर रूप से घायल रही है की सूचना मिलने पर सोनमौहरी बीट के वनरक्षक राजबली साकेत, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, पशु चिकित्सा विभाग के एव्हीएफओ रूपनारायण सिंह के द्वारा सुरक्षाश्रमिक राम सिंह, भैयालाल सिंह के सहयोग से सफलतापूर्वक उपचार किया गया इस दौरान देखा गया कि कई दिन पूर्व के घाव होने पर मादा लंगूर के शरीर में चोट वाले स्थल से सडन हो जाने के कारण कीड़े निकल रहे थे जिसका सुरक्षित उपचार करते हुए वनविभाग एवं पशुविभाग के द्वारा भविष्य में भी उपचार किए जाने को लेकर सोनमौहरी बीट में स्थित नर्सरी में सुरक्षित रखा गया है गम्भीर रूप से घायल लंगूर की जल्द ही स्वस्थ होने की संभावना है।

जिला मुख्यालय में युवा कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन, गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग

बाबा अंबेडकर की फोटो रख किया प्रदर्शन

अनूपपुर। सदन मे गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी एवं भाजपा सांसद मंत्री द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का देने तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर फर्जी केस दर्ज करने के विरोध मे दोपहर 2 बजे सामतपुर तालाब चौक अनूपपुर मे युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमे प्रदेश कांग्रेस महासचिव विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश जैन, संतोष मिश्रा, सतेंद्र दुबे, विशेष रूप से उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए गृह मंत्री अमित शाह के विरोध में जमकर नारे बाजी की गई और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा माफी मांगे जाने व गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। तत्पश्चात विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा, जनपद पंचायत जैतहरी अध्यक्ष युवा कांग्रेस जिला महासचिव राजीव सिंह एवं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राघवेंद्र पटेल द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए अमित शाह द्वारा दिए गए बयान, भाजपा सांसदो द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का देने व राहुल गांधी के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करने पर विरोध दर्ज करते हुए भाजपा सरकार किए गए सभी कृत्यों की कड़ी निंदा की गई। अंत में जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हमारी मांगों को नहीं माना गया तो हम सभी बड़े स्तर पर आंदोलन व प्रदर्शन किया जाएगा।

खबर का असर : विद्यालय में अतिथियों की आवश्यकता ही नहीं, लेकिन प्रधान पाठक ने मनमर्जी से नियुक्त किया 5 अतिथि शिक्षक, एसी ने जारी किया नोटिस

एकीकृत माध्यमिक विद्यालय समनापुर के हेडमास्टर हेमराज मार्को को नोटिस जारी

सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग ने तलब किया जवाब ..जारी मानदेय प्रतिपूर्ति के लिए एचएम को ठहराया जिम्मेदार..?

हरिभूमि
प्रधान पाठक ने उच्च अधिकारियों को गुमराह कर रिश्तेदारों को बनाया अतिथि शिक्षक

डिंडौरी न्यूज़। समनापुर विकास खंड मुख्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे संचालित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती में प्रधान पाठक द्वारा सगे संबंधियों को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त करने का मामला 15 नवंबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर उजागर किया गया था, विद्यालय में पदस्थ प्रधानपाठक हेमराज मार्को सप्ताह में एक दिन आकर उपस्थिति पंजी भर रहे हैं, जबकि यह विद्यालय बीईओ ऑफिस से 10 कदम की दूरी पर संचालित है, ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब मुख्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे संचालित स्कूल में यह हाल हैं तो दूरस्थ गाँव समेत जंगल क्षेत्र में संचालित स्कूलों में की क्या हाल होंगें।

जनपद शिक्षा केन्द्र
समनापुर

अनियमितता को लेकर सहायक आयुक्त ने प्रधान पाठक को जारी किया नोटिस

अतिथि शिक्षकों की भर्ती को लेकर प्रधानपाठक ने पत्र लिखकर सहायक आयुक्त को भृमित किया था, लेकिन एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्रधानपाठक हेमराज मार्को द्वारा मनमानी करते हुए स्वीकृत पदों के विरुध्द मनमानी करते हुए 05 अतिथि शिक्षकों की भर्ती की गई है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानपाठक ने अपने पुत्री मधु मार्को एवं पूजा मार्को समेत 03 अन्य को अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्त करते हुए शासन के साथ धोखाधड़ी कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई हैं, जबकि प्रधानपाठक ने 17 अगस्त 2024 को सहायक आयुक्त को अतिथि शिक्षक भर्ती को लेकर पत्र लिखकर अवगत कराया था कि विद्यालय में 1 से 8 तक कक्षाएं संचालित है, जिसमें 236 छात्र छात्राएं दर्ज है,जिन्हें अध्यापन कराने 09 नियमित शिक्षक पदस्थ है एवं विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता नहीं है।

स्वीकृत पद से अधिक पदों पर अतिथि शिक्षक से कार्य लिये जाने पर प्रधान पाठक तलब

समाचार पत्र में प्रमुखता से मामला उजागर किए जाने के बाद विकास खंड शिक्षा अधिकारी समनापुर द्वारा मामले की जाँच करा प्रतिवेदन पत्र कमांक/549/ दिनांक 21.11.2024 के माध्यम से सहायक आयुक्त को प्रेषित किया गया था, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा संदर्भित पत्र द्वारा प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है कि बालक माध्यमिक शाला समनापुर में दर्ज संख्या के मान से स्वीकृत पद से अधिक अतिथि शिक्षक कार्यरत है, जिनकी आवश्यकता नही थी। इस आशय में तीन सदस्यीय जाँच समिति ने बिन्दुवार प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की वस्तुस्थिति प्रेषित की है। जिसके अनुसार प्रधान पाठक सहित कुल 09 नियमित शिक्षक पदस्थ है, जिसमें से 04 शिक्षक बालक माध्यमिक शाला में कार्यरत है एवं एक श्रीमति लीला वाटिया अधीक्षक पद विरूद्ध कार्यरत है। शाला की दर्ज संख्या 123 बताई गई है तथा एकीकृत विद्यालय की कुल दर्ज संख्या 232 प्रतिवेदित लेख है जिसमें प्राथामिक शाला में 18, बालक माध्यमिक शाला में 123 एवं कन्या माध्यमिक शाला में 93 माध्यमिक शाला में अतिथि शिक्षक की पूर्ति के संबंध में शासन के निम्न निर्देश है।

ये हैं शासन के मापदंड अनुसार पद संरचना

दर्ज संख्या 100 तक होने पर 03 शिक्षक विषय - गणित, अंग्रेजी एवं समाजिक विज्ञान ।

दर्ज संख्या 120 से 140 तक होने पर 01 शिक्षक विषय- संस्कृत ।

दर्ज संख्या 140 से 175 हो जाने पर 01 शिक्षक विषय - विज्ञान ।

दर्ज संख्या 176 से 210 हो जाने पर 01 शिक्षक विषय - हिन्दी।

विभागीय माध्यमिक शालाओं में विषय आधारित पद संरचना स्वीकृत की गई है, इस क्रम में ही रिक्त पद के विरूद्ध अतिथि शिक्षक आमंत्रित किये जाने का प्रावधान है। जाँच प्रतिवेदन में यह लेख किया गया है कि एकीकृत विद्यालय की कुल दर्ज संख्या 232 है इस अनुपात में आपके विद्यालय में एक भी अतिथि शिक्षक रखे जाने की पात्रता नही थी, जबकी आपके द्वारा दिनांक 30.09.2024 को शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर 05 अतिथि शिक्षकों का प्रस्ताव पारित कर उनकी सेवाएं विद्यालय में ली जा रही है। इनको देय पारिश्रमिक / मानदेय पर हुआ शासकीय व्यय वसूली योग्य है, जिसकी प्रतिपूर्ति हेतु प्रमुखतः प्रधान पाठक ही उत्तरदायी हो सकते है।

शाला में पदस्थ नियमित शिक्षक एवं रखे गये अतिथि शिक्षक के स्कोर कार्ड एवं शाला प्रबंध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव एवं चालू माह तक अतिथियों को किये गये मानदेय भुगतान की जानकारी लेकर सहायक आयुक्त ने समक्ष तत्काल उपस्थित होने के आदेश जारी किए हैं ।

शासकीय कॉलेज परिसर में किया गया ध्यान दिवस का आयोजन

डिंडौरी। जिले के करंजिया मुख्यालय के शासकीय महाविद्यालय परिसर में शनिवार को विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रमोद वास्पे के मार्ग दर्शन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस मौके पर प्राचार्य श्री वास्पे ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि भारत देश में योग और ध्यान का उपयोग अनादिकाल से चला आ रहा हैं हमारे ऋषि मुनि और सिध्द पुरुष इस विधि में पारंगत थें उन्हीं के द्वारा बताए गये नियमों का पालन करते हुए आज सारे जगत के अनुसरण कर गंभीर बीमारियों से लाभ प्राप्त कर रहें। इसलिए हम सभी को स्वस्थ जीवन के लिए इन्हें अपनाना चाहिए। संबोधन की अगली कड़ी में डॉ प्रेम शंकर साहू ने ध्यान की विभिन्न अवस्थाओं को बताते हुए इसके उपयोग करने की विधि को समझाया । प्रो अजय सिंह द्वारा ध्यान के इतिहास का संक्षिप्त परिचय कराते हुए कहा कि प्राचीन काल में ऋषि मुनियों एवं संत महात्माओं ने योग और ध्यान को अपना कर अपने जीवन को सफल बनाया है। वर्तमान के भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव युक्त जीवन को किस आसान बनाने के लिए योग और ध्यान के माध्यम से अनुसरण करके साधारण बनाया जा सकता हैं।इस दरमियान उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्राप्त लिंक के माध्यम से विश्व ध्यान दिवस पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय स्टाफ के साथ-साथ छात्राओं ने भी भाग लिया ।

पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने और पलायन रोकने में मिसाल बनी मोहती दीदी

डिंडोरी ।

मोह्ती दीदी अपने 3 बच्चो और पति कृष्णपाल के साथ डिंडौरी जिले के ग्राम नारायणडीह में रहती है, उनके पति कृष्णपाल आजीविका के लिए ज्यादातर घर से दूर ही रहते थे, इन परेशानियों को देखते हुए मोह्ती दीदी ने आजीविका मिशन से 20000 की राशि ले कर अपनी 0.5 एकड़ जमीन पर प्राकृतिक एवं पारंपरिक खेती प्रारभ की। प्राकृतिक एवं पारंपरिक खेती से मोह्ती दीदी ने खेती से लाभ तो कमाया ही, बल्कि अपने आस पास के लोगों को भी प्राकृतिक एवं पारंपरिक खेती से जोड़ा और उन सभी को उपज का अच्छा मूल्य भी दिला रही है आज नारायणडीह ग्राम प्राकृतिक खेती के लिए एक खास पहचान रखती है। प्राकृतिक और पारंपरिक खेतीसे गांव के लोगों का पलायन भी रुका है। मोह्ती दीदी ने इस कदम से न केवल अपनी आय का स्त्रोत बढ़ाया, बल्कि पारंपरिक कृषि पद्धतियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का कम से कम उपयोग करते हुए, पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादन करना है। मोह्ती दीदी का यह प्रयास न केवल उसकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद करेगा, बल्कि इससे ग्रामीण समाज में महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण भी प्रस्तुत की है। ये उन महिला किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो अपने परिवार की भरण-पोषण में भागीदारी करना चाहती हैं।

जिले की बेटियां बिहार में करेगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में शालेय खेल कैलेंडर 24-25 के अनुसार जिले में शालेय खेलकूद की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 68 वीं शालेय राष्ट्रीय रग्बी की स्पर्धा पटना (बिहार)में 28 से 29 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगी। जिसमें सालिका कुलस्ते , अभिलाषा परस्ते , अंजली ,गायत्री धूमकेतु ,शब्द सी एम राइज विद्यालय शहपुरा की छात्राएं मध्य प्रदेश के दल से प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लेंगी ।जिला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति कार्य विभाग पी एस राजपूत ने बताया, कि खिलाड़ी छात्रा ने विद्यालय, विकासखंड ,जिला, संभाग, विभागीय राज्य एवं शालेय राज्य स्तर तक कुल सात स्तरों की प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। जिसमें उनके खेल कौशल और दक्षता को देखते हुए विधा विशेषज्ञों ने चयनित किया है। 21 से 25 दिसंबर 2024 तक इंदौर में विशेष कोचिंग प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए रवाना होंगे। रग्बी कोच श्रीमती रमा साहू के कुशल प्रशिक्षण, कठिन मेहनत एवं मार्गदर्शन से विद्यालय ,जिला एवं विभाग को गौरवान्वित करते हुए मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी की उपलब्धि प्राप्त होने पर डा संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त जनजाति कार्य , प्राचार्य यशवंत साहू, डॉ डी के श्रीवास्तव, संदीप सोनी, प्रभु दयाल पटेल,पी एस राजपूत जिला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति कार्य, प्रशिक्षक अनिल लोधी ,परवेज खान, दिलीप सोनवानी,शेरमेर खलको ,नवीन खरगाल, जागेश्वर नंदा, अमर साहू , विद्यालय स्टाफ एवं खेल प्रेमियो ने हर्ष व्यक्त करते हुई छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

40 गाँवों में योग एवं ध्यान कार्यक्रम संपन्न

डिंडौरी न्यूज़। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान के मार्गदर्शन में ब्लॉक समन्वयक गणेश सिंह राजपूत के सहयोग से विश्व योग ध्यान दिवस के अवसर पर योग एवं ध्यान का कार्यक्रम किया गया घनाघाट सेक्टर नेवसा सेक्टर शाहपुर सेक्टर विक्रमपुर सेक्टर दुहनिया सेक्टर के ग्राम में नवांकुर संस्था मैटर प्रस्फुटन समितियां ग्रामवासी एवं बीएसडब्लू एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के सहयोग रहा विश्व ध्यान दिवस पर शरीर की तनाव दूर करने तथा शरीर स्वस्थ रखने के लोगों को प्रेरित किया गया साथ ही ध्यान सत्र रखा गया।

गणेश सिंह राजपूत द्वारा ध्यान सत्र के लाभ के बारे में बताया गया। ध्यान करने से मन को शांति मिलती है और शरीर स्वस्थ रहता है। राजू बर्मन प्रकाश राजपूत जगदीश मरावी भीखम धुर्वे बृजमोहन हनुमंत अरुण चंदेल अजय ठाकुर रघुनाथ चंदेल कुंदन लाल मार्को मनोज कुमार मार्को ललित उईके प्रेमलाल बनवासी रतन बेलिया समितियां के सदस्य पदाधिकारी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

मेंहदवानी महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेहंदवानी में शनिवार को प्रभारी प्राचार्य सुश्री माया कनासे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक डॉ अलका अवस्थी के मार्गदर्शन में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया जिसमें संयोजक डॉ अलका अवस्थी के द्वारा तनाव मुक्ति एवं ध्यान सत्र आयोजित करवाया गया। ध्यान सत्र में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डां शशिकांत चंदेला डां गौरी सिंह परते डां सुरेश प्रसाद पाण्डेय (ग्रंथपाल) श्रीमती सुंदरवति यहके श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव श्रीमती अमृता सूर्यवंशी एवं अन्य कर्मचारी तथा महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

किसानों की समस्याओं को लेकर विशाल ट्रैक्टर रैली प्रदर्शन को लेकर किसान संघ ने की प्रेस वार्ता

शहपुरा - डिंडोरी जिला भारतीय किसान संघ ने किसानो की समस्याओं को लगातार उठा रही है और किसानों द्वारा चलाई जाने वाले गैर राजनीतिक संगठन है जो समय-समय पर सरकार से किसानों में आ रही समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर रैली धरना प्रदर्शन 30 तारीख दिन सोमवार को करने जा रही है। किसान संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद मौर्या ने प्रेस वार्ता में बताया कि भारतीय किसान संघ द्वारा तहसील शहपुरा जिला डिंडोरी में किसान अनेकों समस्याओं से जूझ रहे हैं किसान भाइयों के हितार्थ सभा एवं ज्ञापन का कार्यक्रम 30 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा से प्रारंभ करते हुए रैली निकाली जाएगी जिसमें लगभग 100 ट्रैक्टर के साथ 1000 हजार किसानों की पहुंचने की संभावनाएं हैं , ब्लॉक अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में मीडिया को जानकारी देते हुए यह भी बताया कि इन समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को भी कई बार अवगत कराया गया। लेकिन आज भी उन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया जिससे क्षेत्र की किसान काफी आक्रोशित हैं ।

कैडेट्स को नई जिम्मेदारियों के साथ सम्मानित किया गया

नेतृत्व, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए एनसीसी कैडेट्स ने हासिल की नई रैंक"

हरिभूमि न्यूज शहपुरा - 4 एमपी सीटीआर एनसीसी जबलपुर एडीएम अधिकारी अमृता सिंह के नेतृत्व में नायक सूबेदार एसके जेना एवं हवलदार भरत यादव की उपस्थिति में शासकीय स्नातक महाविद्यालय के एन सी सी बच्चों का किया गया रैंक सेरेमनी।

जिसमें कॉलेज प्राचार्य अजय भूषण मुख्य अतिथि रहे। समारोह के दौरान प्राचार्य अजय भूषण ने एनसीसी के महत्व और नेतृत्व कौशल के विकास पर जोर देते हुए कहा, "एनसीसी कैडेट्स हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य हैं। यह रैंक केवल सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और अनुशासन की पहचान है।" एनसीसी युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन और नेतृत्व के गुण सिखाता है।

इस समारोह में कैडेट्स को विभिन्न रैंकों से सम्मानित किया गया, जिससे उनके नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहन मिला। सेरेमनी में अंडर ऑफिसर, सार्जेंट, कॉरपोरल, लांस कॉरपोरल, की रैंक प्रदान किया गया । एनसीसी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी कैडेट कार्यक्रम में उपस्थित रहे! रैंक सेरेमनी में प्रो सीएस परस्ते , कविता धुर्वे, एनसीसी अधिकारी सी पी भानुवंशी, राजदीप यादव, बी पी झारिया,के के श्रोत्रिय, पारुल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, महाविद्यालय समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

बाघ के बाद अब जिले में तेंदुए की धमक

किशोर को किया घायल, खेल रहा लुकाछिपी का खेल

कोतमा। कोतमा के समीपी गांवों मे दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों को शुक्रवार की रात पिपरिया गांव में तेंदुए के घुसने की जानकारी लगी और तेंदुए के द्वारा एक 14 साल के बच्चे के ऊपर हमला कर घायल कर दिया। जिससे गांव में भय का वातावरण निर्मित हो गया आनन-आनन फानन में ग्रामीण लाठी डंडा लेकर इकट्ठे हो गए और तेंदुए की तलाश में पूरी रात गांव में भ्रमण करते नजर आए। जानकारी के अनुसार किशोर के ऊपर हमला बोल दिया जिससे उसका जींस का पेंट फट गया पर एवं शरीर के कई हिस्सों में तेंदुए के पंजे के निशान पाये गए। तत्काल ही घटना की जानकारी सरपंच को दी गई सरपंच ने मौके में पहुंचकर तत्काल ही वन विभाग को इसकी जानकारी दी ग्रामीणों के साथ इकट्ठा होकर तेंदुए की तलाश में जुट गए। घर के बड़ी में रखे पैरे में कुछ देर तेंदुआ छिपकर बैठा था उसके बाद उसका पता नहीं चला । वन विभाग के रेंजर हरीश तिवारी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जे डी धार्वे वन रक्षक अभिलाष सोनी मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों के साथ तेंदुए की तलाश में रात्रि 2 बजे तक जुटे रहे। तेंदुए के गांव में प्रवेश करने की जानकारी आग की तरह पिपरिया एवं आसपास गांव में फैल गई जिससे ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। बताया जाता है कि पिपरिया गांव से लगा हुआ चपानी गांव का जंगल है जिसके कारण आए दिन जानवर गांव की ओर प्रवेश कर जाते हैं।

तीसरे दिन भी परेशान

पिपरिया गांव निवासी सतीश शुक्ला ने बताया कि रविवार की दोपहर लगभग एक बजे फिर से घर के पीछे बने गौशाला में बंधे घर के जानवरों के चिल्लाने की आवाज आई दरवाजा खोलकर जैसे ही बाहर निकल कर देखे वैसे ही तेंदुए उनके बाड़ी की दीवार फांदकर भागकर पड़ोसी की बाड़ी में घुस गया।

खबर संक्षेप

दिल्ली में चमके शहर के नन्हें गणितज्ञ

नरसिंहपुर। यूनिवर्सल कान्सेप्ट ऑफ मेंटल अर्थमैटिक सिस्टम की अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 दल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें 30 देश के 6,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 8 मिनिट में जोड़- घटाना, गुणा-भाग के 200 प्रश्नों को हल करना था। प्रतियोगिता में नरसिंहपुर शहर के 5 बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने 4 महीने के कठिन अभ्यास के बाद विजेता ट्रॉफी हासिल की। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए जिसमें आरव नेमा, अमय महाजन एवं ओम मरकाम ने सेकंड रनर अप की ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा विवान वत्सल और नायशा चौकसे ने थर्ड रनर अप का खिताब अपने नाम किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई जिसमें आरव नेमा और अमय महाजन ने फर्स्ट रनर अप की ट्रॉफी हासिल की। विवान वत्सल, ओम मरकाम एवं नायशा चौकसे ने मेरिट की ट्रॉफी अपने नाम की। शानदार नतीजों से बच्चों के अभिभावक काफी उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बच्चों की इस उपलब्धि पर यूसीमास इंदौर द्वारा चुनिंदा विजेताओं को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इस उपलब्धि पर बच्चों के अभिभावकों द्वारा श्रीमती स्मिता महाजन के प्रति आभार प्रकट किया गया।

सींगरी नदी में मिली लाश

नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली मे सींगरी नदी पर करबला के पास युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लाश दिखने पर स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुँची और शव को निकालने के इंतजाम कर शव को निकाला गया। वहीं युवक की अभी शिनाख्त नही हो पाई हैं। शव बुरी तरह से पानी में गल गया। शव के दोनों हाथ में सांप और बिच्छू का गुदना गुदा हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस हत्या एवं आत्महत्या दोनों ही दृष्टिकोण से जांच कर रही है।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही टीबी की जांच

नरसिंहपुर। राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि प्रदेश सहित नरसिंहपुर जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार और जन-जागरूकता को बढ़ाया जा रहा है। जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपस्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र और और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के माध्यम से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों और टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जांच की जा रही है। इसमें प्रमुख रूप से मधुमेह पीड़ति, कुपोषित, धूम्रपान व शराब का सेवन करने वाले, पूर्व टीबी मरीज, संपर्क व्यक्ति और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की जाँच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए 7 दिसंबर 2024 से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देना और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है।

छात्रों ने योग ओलंपियाड में दिखाया जौहर



नरसिंहपुर। 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय ओलंपियाड योग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन जबलपुर में सम्पन्न हुई, जिसमें नरसिंहपुर जिला शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 5 छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दी

सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाने का प्रयास

पुलिस ने 275 ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाये

पुलिस द्वारा जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये निरंतर प्रयास किया जा रह है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिये विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन करने हेतु आमजन एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जा रहा जागरूक किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों को लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। एक सप्ताह में पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले 303 चालकों के चालान काटे गए तथा 275 ट्रैक्टर, ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए।

चलाया जा रहा चैकिंग अभियान

जिले मे हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये पुलिस द्वारा निरंतर वाहनों की जांच की जा रही है। जिला अंतर्गत संपूर्ण थाना क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने, नियम विरूद्ध एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में होने वाली सडक दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। जिसके परिणाम स्वरूप नरसिंहपुर पुलिस द्वारा किये जा रहे अथक प्रयासों से विगत 3 माह में सडक दुर्घटनाओं के कमी आयी है। यातायात पुलिस की टीम द्वारा संपूर्ण जिला अंतर्गत स्कूलों में पहुचकर छात्र-छात्राओं को साथ ही नुक्कड सभाओं के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के संबंध में बताया गया एवं नियमों का पालन करने हेतु समझाईस दी जा रही है।

एक सप्ताह में काटे 303 चालान

संपूर्ण जिला अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए विगत एक सप्ताह में नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले 303 चालकों के चालान काटे गए जिनसे 108100- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया एवं संपूर्ण जिला अंतर्गत लगातार बुलट मोटर सायकिल सवारों के द्वारा तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई साइलेंसर लगवाकर धमा-चैकड़ी मचाये जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायते प्राप्त होने पर तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई कान फाडुसाइलेंसर लगवाकर धमा-चैकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

ट्रेक्टर -ट्रालियों में लगाए रेडियम रिफ्लेक्टर

जिला कृषि प्रधान है तथा सर्वाधिक खेती गन्ने की होती है इस सीजन मे सर्वाधिक गन्ने से भरे ट्रेक्टर -ट्रालियों का सड़कों से आवगमन हो रहा है। ट्रेक्टर -ट्रालियों की आवाजाही के कारण सड़क दुर्घटनायें अधिक होने का अंदेशा बना रहा है। वर्तमान में संपूर्ण जिले में शक्कर एवं गुड बनाने का काम बडे स्तर पर हो रहा है जिसके कारण ट्रेक्टर एवं ट्रालियों का अना-जाना लगा रहता है। सुरक्षा की दष्टि से संपूर्ण जिला अंतर्गत 275 ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम, रिफ्लेक्टर गये है एवं उक्त कार्यवाही निरंतर जारी है।

बालरंग समारोह में जिले के छात्रों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता- 2024 में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुये सीएम राइस उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने मदरसा विधा की कव्वाली में प्रथम स्थान प्राप्त कर नरसिंहपुर जिले को गौरवान्वित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में वैदेही सोनी, सदफ मंसूरी, प्रिया विश्वकर्मा, वंशिका नाग, नम्रता कहार, अदिति चैधरी, अंश श्रीवास्तव, कृष्णा सोनी, नैतिक सोनी, प्रिंस चौधरी , शिवम भारिया आदि शामिल थे। अन्य प्रतियोगिता में वंश रजक, शुभम सोनी, वंशिका कश्यप, मनीषा चौधरी आदि ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। शिक्षक नारायण प्रसाद सोनी द्वारा बच्चों की तैयारी कराई गयी थी। विकसित भारत थीम पर आधारित जूनियर वर्ग की कव्वाली प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल नरसिंहपुर की छात्राओं ने प्रथम स्थान अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर में स्थान बनाया है। कव्वाली कनिष्ठ वर्ग कक्षा आठवीं की प्राची सोनी, वर्तिका कौरव, खुशबू तिवारी, मान्यता राजपूत, अलबीना खान, अनीता लोधी, अनन्या मेहरा ने शिक्षक महेंद्र सिंह लोधी, श्रीमती मधु विश्वकर्मा, अनुभव कौरव, मयंक श्रीवास्तव, मुरलीधर नायक व श्रुति पटवा के मार्गदर्शन में किया।

गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन दिवस पर गणित विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया संस्था प्राचार्य डॉ आर बी सिंह, जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के सहायक प्राध्यापक डॉ आर के यादव के मुख्य आतिथ्य तथा गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गनेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. आर बी सिंह ने अपने उद्बोधन में श्रीनिवास रामानुजन के महान योगदान का स्मरण करते भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक गणित की उपयोगिता बताई उन्होंने कहा कि हम ऐसी विधियों को अपनाकर कम समय में गणित हल कर सकते हैं। डाइट के डॉ. आर के यादव ने भारतीय महान गणितज्ञों के योगदान का

उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को गणित हल करने टिप्स दिए उन्होंने कहा गणित बेहतर विकल्प उपलब्ध कराता है। गणित विभागाध्यक्ष डॉ गनेश कुमार सोनी ने नई शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए वैदिक गणित का इतिहास बताते हुए वैदिक विधियां बताई उन्होंने कहा गणित दिमाग को तेज करने के साथ साथ तर्क शक्ति विकसित करता है तथा गणित पर बनाई स्वरचित बुंदेली कविता जीवन तुम्हारौ जौ बदलइ जैहे, जरा गणित को लगाखै तौ देखौ। कछु न कछु रस्ता निकलइ जैहे, जोड़ घटावो तुम करकें तौ देखौ सुनाकर विद्यार्थियों का ध्यान गणित की ओर आकृष्ट किया। कार्यक्रम की श्रृंखला में विद्यार्थियों के लिए जादुई गणित के पोस्टर और प्रश्नमंच आयोजित किया गया जिसमें पोस्टर में प्रथम आरती लोधी द्वितीय ऊर्जा चैरसिया एवं तृतीय साक्षी गणित ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम भूमि तिवारी द्वितीय राधिका राज तृतीय पूजा काछी रही। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त को गणित विषय की पुस्तक प्रदान की गई तथा प्रश्नमंच के लिए उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में गणित विभाग से डॉ देवमित्रा रॉय, डॉ स्वतंत्र त्रिपाठी, डॉ अर्जुन मेहरा, भारतीय ज्ञान पंरपरा प्रकोष्ठ से डॉ प्रीति कौरव, डॉ नमिता साहू, एन एन एस प्रभारी डॉ जी एस मर्सकोले, डॉ राजेश ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन गणित विभाग के नितिन जाटव, मानस गुप्ता एवं एकता शर्मा ने किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आभार प्रदर्शन डॉ नमिता साहू ने किया।

सुशासन व वीर बाल दिवस को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में आगामी 25 व 26 दिसम्बर को आयोजित सुशासन दिवस व वीर बाल दिवस के मण्डल व बूथ स्तर पर क्रियान्वयन हेतु जिला बैठक का आयोजन किया गया बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता में पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप पटेल, जिला महामंत्री ठाकुर राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्रो पर माल्यार्पण के साथ हुई तत्पश्चात नवनियुक्त सभी 22 मंडलों के अध्यक्षों का स्वागत मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा ने कहा कि आप सभी नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षो का आज की प्रथम जिला बैठक में स्वागत है आप सभी भाजपा के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रमुख इकाई है। वही वीर बाल दिवस पर संकीर्तन, प्रभात फेरी, बौद्धिक संगोष्ठी व सभा का आयोजन करना है आप सभी मण्डल अध्यक्ष प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो जाए इसकी पूर्व तैयारी करना है। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि देश काल परिस्थिति के अनुरूप जो पार्टी समय पर निर्णय लेती है वह भारतीय जनता पार्टी है जिसने युवाओ की शक्ति को पहचानते हुए मण्डल अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी आप युवाओं को सौंपी है आप सभी पार्टी के कार्यों को पूर्ण मनोयोग से करेंगे ऐसी हमारी आप सभी से अपेक्षा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि बैठक को पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री डॉ.हरगोविंद सिंह पटेल, व आभार जिला उपाध्यक्ष शंकर चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारीगण नवनियुक्त मंडल अध्यक्षगण, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गण, मोर्चा जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठ जिला संयोजक गण उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभ भाई की प्रतिमा लगाने का कार्य अधूरा पड़ा

गोटेगांव समीपवर्ती ग्राम पंचायत बगासपुर में मिनी स्टेडियम का निर्माण होने के बाद इसका नामकरण लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से अवश्य कर दिया गया है। वही इस स्थल पर उनकी प्रतिमा लगाने के लिए स्थल का निर्माण भी पंचायत ने करा दिया। मगर इसके बाद यहां पर प्रतिमा लगाने का कार्य अधर में लटक गया। जिसके कारण मिनी स्टेडियम स्थल पर सिर्फ प्रतिमा लगाने का ही स्थल बन कर रह गया है। इसको निर्मित हुए कई माह हो गए। मगर प्रतिमा लगाने का कार्य नहीं हो पा रहा है। इस स्टेडियम की देख-रेख भी ठीक से नहीं हो पाने के कारण यहां पर निर्मित भवन के दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

महिला व बालिका हितेषी प्रशिक्षण संपन्न

गोटेगांव मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के यू एन एफ पी ए के अंतर्गत महिला एवं बालिका हितैषी पंचायत बनाने हेतु पंचायतों की भूमिका विषय पर तीन दिवसीय टी ओ टी प्रशिक्षण कार्यक्रम पर नरसिंहपुर जिला के गोटेगांवखेड़ा ग्राम की महिला सरपंच प्रियंका खेमरिया को सम्मिलित होने के साथ बच्चों से एक कालखंड के माध्यम से शिक्षण कार्य करने में भी उल्लेखनीय सफलता मिली।

सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है

गोटेगांव

स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन और पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। यूनिटी कप महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 22 दिसंबर को खेला गया। SKMG नरसिंहपुर ने ट्रांसजीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 88 रन बनाए। MH क्लब जबलपुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 12.3 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाकर जीत दर्ज की। विजेता टीमः MH क्लब जबलपुर (पुरस्कार राशि 31,000 व कप) उपविजेता टीमः SKMG नरसिंहपुर 15,000 व कप प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः 2,000 प्लेयर ऑफ द मैच प्रधान किये। वहीं दूसरे मैच में पुरुष क्रिकेट का उद्घाटन मैच एसएच जबलपुर एवं अमर स्पोर्ट्स पुणे महाराष्ट्र के बीच खेला गया। अमर स्पोर्ट्स पुणे (महाराष्ट्र): टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 109 रन बनाए। MH (जबलपुर) ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.1 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 113 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस विशेष अवसर पर सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते,पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,विधायक महेंद्र नागेश, मातृशक्ति श्रीमती सुमन लता पटेल,जिलाअध्यक्ष महिला मोर्चा निशा सोनी, पूर्व नपाध्यक्ष करेली श्रीमती संध्या कोठारी ,नपाध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर जप अध्यक्ष आरती सतीश पटेल, नपा उपाध्यक्ष श्रद्धा पंकज चौकसे,जानकी दादूराम पटेल,अंजनी सोनी नगर मंडल अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे ।महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन और पुरुष टूर्नामेंट का शुभारंभमहिला क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह अत्यंत गरिमामय रहा, जिसमें खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। साथ ही, पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसमें खेल भावना को प्रोत्साहित करते हुए समाजसेवियों और नेताओं ने युवाओं को खेल में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस आयोजन ने गोटेगांव के खेल प्रेमियों के बीच विशेष उत्साह पैदा किया।सांसद फग्गनसिंह विधायक महेंद्र नागेश ने 20-20 लाख रूपए की घोषणा कीगोटेगांव स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते और विधायक महेंद्र नागेश ने खिलाड़ियों और दर्शकों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने स्टेडियम में मणिनागेन्द्र कक्ष के निर्माण के लिए 20-20 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। यह कक्ष खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सुविधाजनक होगा। आयोजन के दौरान सांसद और विधायक ने खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उनकी इस घोषणा से खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है।विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजनसेवा सप्ताह के अंतर्गत गोटेगांव में 23 और 24 दिसंबर को एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर पीपुल्स हॉस्पिटल मानपुर भोपाल के सहयोग से आयोजित हो रहा है। शिविर में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं और अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, रोगियों को निःशुल्क औषधियां भी प्रदान की जाएंगी। समयः सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक स्थानः पारस गार्डन, स्टेडियम के सामने, गोटेगांव।